हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 12 जनवरी 2026

04 पद्मश्री लहरी बाई 150 प्रकार के मिलेट्स...

07 वैष्णवी कालोनी में श्री राम कथा महोत्सव में...




## खबर संक्षेप

### परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री आज प्रवास पर

**नर्मदापुरम।** प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा विभाग मंत्री राव उदय प्रताप सिंह सोमवार 12 जनवरी को नर्मदापुरम जिले के भ्रमण पर रहेंगे। मंत्री श्री राव दोपहर 12:30 बजे नर्मदा पुरम आएंगे एवं गेल इंडिया लिमिटेड की कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत अनंत फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। उक्त कार्यक्रम शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में आयोजित किया जाएगा। मंत्री राव दोपहर 2:00 बजे नवीन प्रतिष्ठान श्री बालाजी ट्रैक्टर्स के शोरूम के शुभारंभ कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, तत्पश्चात दोपहर 2:30 बजे साईं कृष्णा हिल व्यू रिसोर्ट नर्मदा पुरम में आयोजित प्रेस वार्ता में शामिल होंगे।

### मंडल मसीहा शरद यादव की तृतीय पुण्यतिथि आज

**माखन नगर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री



राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के पूर्व संयोजक माखन नगर के ग्राम आंखमऊ में जन्मे शरद यादव की तृतीय पुण्यतिथि पर उनके गृह ग्राम आखमऊ शरद स्तूप पर सोमवार सुबह 10:30 बजे साधारण पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया है स्वर्गीय शरद यादव के प्रशंसक और परिजनों ने कार्यक्रम का आयोजन किया है।

### सर्व ब्राह्मण समाज के पूर्वाध्यक्ष को पत्नी शोक

**माखन नगर।** नगर के समाजसेवी



सर्व ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार उपाध्याय की धर्मपत्नी व रजनीश उपाध्याय गिरीश उपाध्याय की माताजी किरण उपाध्याय 74 रविवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया अंतिम संस्कार में सैकड़ो की संख्या सामाजिक बधु एवं नगरवासी शामिल हुए एवं स्वर्गीय किरण देवी उपाध्याय को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सरवाइट स्प्रिंगडेल्स को 4 विकेट से हराया

**नर्मदापुरम।** गुप्ता ग्रांउड पर नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सांसद कप अंडर-19 इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में तीसरा मैच सरवाइट स्कूल नर्मदापुरम और स्प्रिंगडेल स्कूल नर्मदापुरम के बीच खेला गया। नर्मदा पुरम संभाग क्रिकेट संघ के मानसेवी सचिव प्रदीप तोमर ने बताया कि तीसरा मुकाबला सरवाइव स्कूल एवं स्प्रिंगडेल्स स्कूल के मध्य खेला गया। 112 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सरव्हाइट स्कूल की टीम ने मैच को 12वे ओवर में चार विकेट से जीतने में सफलता प्राप्त की। मैच में ग्राउंड स्टाफ मौजूद रहा।

---

उन्नत तकनीकों से रूबरू होंगे क्षेत्र के किसान

# उन्नत कृषि व योजना की जानकारी देने के लिए रथ हरी झंडी से रवाना

किसानों के कल्याण के लिए रविवार को जिले में कृषक रथ रवाना हुआ। यह रथ पूरे एक माह तक विकासखंड की प्रत्येक ग्राम पंचायत में पहुंचेगा। जिसका उद्देश्य उन्नत कृषि तकनीकों, जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड आदि है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखन नगर

कृषक कल्याण वर्ष 2026 अंतर्गत विकास खंड माखन नगर और विकास खंड सोहागपुर के कृषि रथ को विधायक विजय पाल सिंह, कलेक्टर सोनिया मीना, मुख्य कार्यपालन जिला पंचायत हिमांशु जैन, एस पी साईं कृष्ण थोटा, उपसंचालक कृषि रविकांत सिंह द्वारा हरी झंडी देकर विकास खंड के ग्रामों में रवाना किया गया। जो एक माह तक विकास खंड की समस्त ग्राम पंचायतो में पहुंचेगा। जिसके द्वारा उन्नत कृषि और योजनाओं की जानकारी किसानो को दी जाएगी।



यह रथ उन्नत कृषि उद्देश्य उन्नत कृषि तकनीकों, जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड सहित विभागीय योजनाओं की जानकारी सीधे किसानों तक पहुंचाएंगा। रथ के साथ तकनीकी दल मौजूद रहेगा, जिसमें कृषि विशेषज्ञ और प्रगतिशील किसान शामिल हैं।

# पिपरिया कृषि उपज मंडी से हुआ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया कृषि उपज मंडी में रविवार को 'कृषक कल्याण वर्ष के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी विशेष रूप से सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के दौरान भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्य समारोह का लाइव प्रसारण पिपरिया कृषि उपज मंडी परिसर में देखा गया, जिसे उपस्थित किसानों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक देखा। इस अवसर पर सांसद ने कृषक कल्याण वर्ष–2026 की भावना को जन-जन तक पहुँचाने हेतु प्रचार-प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



इस अवसर पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने किसानों से सीधा संवाद किया, उनकी समस्याओं को सुना और सरकार की योजनाओं के बारे में बताया। किसानों के सम्मान, समृद्धि व सशक्तिकरण के लिए समर्पित है।

---

नर्मदा के घाटों पर तीन वर्षों से चला रही मातृशक्ति स्वच्छता अभियान

# अब गीला-सूखा कचरा होगा अलग जल्द शुरू होगा ट्रामल मशीन ट्रायल

शहर में घरों से निकलने वाले गीले और सूखे कचरे को ट्रामल मशीन द्वारा पृथक-पृथक किया जाएगा। नपा द्वारा नई ट्रामल मशीन की शुरूआत जल्द होगी।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में प्रतिदिन करीब 30 टन कचरा घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों से निकलता है जिसे डोर-टू-डोर कचरा वाहनों से कलेक्ट किया जाता है। जिसके बाद इस कचरे को खोजनपुर स्थित ट्रैचिंग ग्राउंड पर इकट्ठा किया जाता है। लेकिन वर्तमान समय में कचरा घर में कचरे का पहाड़ बन गया है। अब बिगड़ते हालातों को सुधारने के लिए नपा द्वारा नई ट्रामल मशीन लगाई गई है। जिसकी सहायता गीला और सूखा कचरा अलग-अलग किया जाएगा। ट्रामल मशीन से प्रोसेसिंग के दौरान गीले और सूखे कचरे का निष्पादन आसानी से हो सकेगा।



### विगत तीन वर्षों से चला रहे स्वच्छता अभियान से लें प्रेरणा ......

मां नर्मदा हमारी जीवन दायिनी है। अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति द्वारा विगत 3 वर्षों से यह अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। ठंड हो, गर्मी हो, बरसात हो पूरी ताकत के साथ अभियान चल रहा है। अपने हाथों से कचरा उठाकर घाटों की सफाई की जा रही है। अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति ने स्वच्छता का संकल्प लिया है मैं इनके उज्जवल भविष्य की कामना भी करती हूं। यह बात रविवार को चित्रगुप्त घाट पर स्वच्छता अभियान में शामिल हुईं सांसद माया नारोलिया ने कही। उन्होंने कहा कि कोरी घाट पर नर्मदा में जो नाला मिल रहा है उसे बंद करने शासन-प्रशासन के प्रयास से और स्थानीय विधायक के सहयोग से यह कार्य प्रगति पर है। शीघ्र नाला बंद किया जाएगा। उन्होंने कहा मां नर्मदा मातृशक्ति को शक्ति दे ऐसी कामना करती हूं। इस पुण्य कार्य के लिए में अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति का स्वागत और सम्मान करती हूं। उन्होंने कहा कि विभिन्न घाटों को हमें साफ सुथरा रखना है और हमारे शहर की पहचान घाटों से ही होती है। मां जीवनदायनी है सभी को इस अभियान से प्रेरणा लेना चाहिए और इस अभियान से जुड़ना चाहिए। इस अभियान में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने घाट पर साफ सफाई की। इस अवसर पर सेवानिवृत्त बैंक का अधिकारी विजय वर्मा, अध्यक्ष मातृशक्ति ज्योति वर्मा ,अभय वर्मा, प्रीती खरे ,सी बी खरे, मंजू श्रीवास्तव, मनोज वर्मा, अशोक वर्मा, गुड्डू वर्मा, लालता प्रसाद, जानकी, रश्मि वर्मा, अश्वनी वर्मा, ममता तिवारी, पुरुषोत्तम मालवीय , राजेंद्र श्रीवास्तव, केशव देव वर्मा , नेहा थापक, अशोक वर्मा , अतिथि , रश्मि सक्सैना सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### अभी यह लापरवाही

नपा द्वारा गीला और सूखा कचरा कलेक्ट करने के लिए कचरा वाहन में अलग- अलग जगह निर्धारित है लेकिन जागरूकता के अभाव एवं मनमानी के कारण आज भी एक साथ कचरा डाल रहे हैं। वहीं आमजनों में स्वच्छता को लेकर जागरूकता नहीं बढ़ रही है। इस संबंध में नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र और सीएमओ हेमेश्वरी पटेल ने अपील की है कि लोग घरों से निकलने वाले कचरे को कचरा वाहन में अलग-अलग गीला एवं सूखा डाले। ताकि कचरे के निष्पादन में सहायता मिल सके।

### श्रद्धालुओं को घाटों की सफाई रखना चाहिए



चित्रगुप्त घाट पर स्वच्छ अभियान के दौरान समाज के लोगों ने कहा कि सभी श्रद्धालु घाटों पर साफ सफाई रखें और स्वच्छता बनाए रखें। सदस्यों ने कचरा भारी मात्रा में उठाकर डस्टबिन में डाला और श्रद्धालुओं से अपील की है कि वह पॉलिथीन, फूल पत्ती पानी में न डालें और डस्टबिन का उपयोग करें। कचरे को यहां वहां ना फेंके। घाट हमारी पहचान है इसके साथ ही शहर को भी हमें साफ-साफ रखना चाहिए।

---

### कलश यात्रा निकाली किया भोज का आयोजन

**माखन नगर।** हिंदू महासम्मेलन के लिए विगत तीन दिन से नगर में प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है रविवार को शनिचरा बाजार शैलपुत्री धाम से विशाल कलश यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं एवं कन्या सर पर कलश रखकर पीले लाल और केसरिया वस्त्र पहनकर कलश यात्रा में शामिल हुई कलश यात्रा का बालाजी मंदिर रामलीला प्रांगण में समापन हुआ।



### सकल हिंदू समाज का आयोजन

**नर्मदापुरम।** सकल हिन्दू समाज द्वारा रविवार को कामगार कल्याण केन्द्र से सुबह 11 बजे विशाल रैली निकाली गई। इस दौरान विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें श्रीराम दरबार की झांकी निकाली गई।



---

# कॉम्बिंग गश्त में 122 फरार वारंटियों को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले के सभी अनुभागों अंतर्गत थाना क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर कांबिंग गश्त कराई गई एवं देर रात चले इस अभियान में गुंडा, बदमाशों की भी चेकिंग सभी थाना प्रभारियों द्वारा थाना क्षेत्र में सक्रिय बदमाशों, वारंटियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर प्रभावी कार्रवाई की गई। इस अभियान के तहत नर्मदापुरम अनुभाग अंतर्गत थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 11 फरारी वारंट एवं देहात पुलिस द्वारा 11 फरारी वारंट तामील कराए गए।

अनुभाग इटारसी अंतर्गत थाना इटारसी पुलिस द्वारा 17 फरारी वारंट, पथरौटा पुलिस द्वारा 07 फरारी वारंट, थाना केसला पुलिस द्वारा 05 फरारी वारंट, थाना रामपुर पुलिस द्वारा 02 फरारी वारंट तामील कराए गए। अनुभाग सिवनी मालवा अंतर्गत थाना सिवनी मालवा पुलिस द्वारा 06 फरारी वारंट, थाना डोलरिया द्वारा 08 फरारी वारंट एवं थाना शिवपुर पुलिस द्वारा 04 फरारी वारंट तामील कराए गए। अनुभाग सोहागपुर अंतर्गत थाना सोहागपुर पुलिस द्वारा 15 फरारी वारंट एवं थाना माखन नगर द्वारा 18 फरारी वारंट तामील कराए गए। अनुभाग पिपरिया अंतर्गत थाना पिपरिया पुलिस द्वारा 08 फरारी वारंट, थाना बनखेड़ी पुलिस द्वारा 07 फरारी वारंट, थाना स्टेशन रोड पिपरिया द्वारा 03 फरारी वारंट तामील कराए गए।

इस प्रकार देर रात चले इस अभियान अंतर्गत कुल 122 फरार वारंटीयों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के निर्देशन एवं सभी अनुभागों के अनुविभागीय अधिकारियों के पर्यवेक्षण में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा पृथक-पृथक टीम बनाकर संपूर्ण कार्यवाही की गई।

# ग्राम पंचायत में किया विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



शिक्षा की अलख जगाने अब ग्रामीण अंचलों में भी साक्षरता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत मोकलवाडा में साक्षरता शिविर आयोजित हुआ। यह शिविर मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मनीष कुमार पारीक के द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट निशुल्क सहायता पीड़ित प्रतिकार योजना, नेशनल लोक अदालत के लाभ के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा विशेष रूप से नशे से होने वाले नुकसान से अवगत कराया गया। नशा सिर्फ मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक ही नहीं बल्कि इससे व्यक्ति की समाज में भी छबि खराब होती है। शिविर में सरपंच कमल बान, सचिव नेहा भार्गव आदि उपस्थित रहे। राष्ट्रीय युवा दिवस पर भी कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शालिनी मिश्रा शुक्ला ने विद्यार्थियों को पॉस्को एक्ट, वाल विवाह, दहेज प्रथा, साईबर अपराध,दहेज अधिनियम मोटर व्हीकल एक्ट तथा अन्य कई योजनाएं की जानकारी दी।

---

# मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर कलेक्टर ने ली अहम बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 15 जनवरी के माखन नगर आगमन को लेकर कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में नगर परिषद माखन नगर के सभाकक्ष बैठक हुई।

कार्यक्रम में सुरक्षा, पार्किंग, लोकार्पण, रोड शो सहित सभी व्यवस्थाओं पर चर्चा कर अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

बैठक में क्षेत्रीय विधायक. विजयपाल सिंह, पुलिस अधीक्षक साईं एस थोटा, जिला पंचायत सीईओ, एडिशनल एसपी, रक्षित निरीक्षक, डीएसपी, अनुविभागीय अधिकारी, परियोजना अधिकारी पीडब्ल्यूडी, नगर परिषद अध्यक्ष , तहसीलदार, विद्युत विभाग, सीईओ, माखन नगर सीएमओ, सोहगपुर सीएमओ सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को सफल एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु सभी विभागों को आपसी समन्वय सौंपे है। इस दौरान कार्यक्रम से जुड़ी व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।

नवाचारः अब टाटपट्टी पर बैठने वाले स्कूली विद्यार्थियों को

# स्कूल बैग विथ एजुकेशनल डेस्क का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए जिले में प्राथमिक शालाओं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए नवाचार किया है। यह नवाचार भारत सरकार की गेल इंडिया लिमिडेट ने अवंत फाउंडेशन और निपुण भारत कार्यक्रम के तहत किया। जिसमें स्कूलों में टाटपट्टी पर बैठने वाले विद्यार्थियों को अब स्कूल बैग विथ एजुकेशनल डेस्क वितरित किया जाएगा। क्योंकि इन स्कूलों में विद्यार्थी टाटपट्टी पर बैठते जिससे उनके रीढ़, मस्तिष्क और आंखों पर असर होता है। जिससे विद्यार्थी बीमारियों से ग्रसित होते है। लेकिन




आईआईटी कानुपर द्वारा शैक्षणिक डेस्क के साथ इनोवेटिव स्कूल बैग बनाया है जो विद्यार्थियों को स्कूल और घर दोनों स्थानों पर उपयोगी रहेगा। जिससे समय के पहले कोई बीमारी विद्यार्थियों को अपनी चपेट में न ले।

जिले के 732 प्राथमिक शालाओं में 31 हजार 306 विद्यार्थी हैं। जिसमें से 28 हजार विद्यार्थियों को सोमवार से इनोवेटिव बैग वितरित किए जाएंगे। रविवार को प्रेसवार्ता में राज्य सभा सांसद माया नारोलिया उक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह बैग सीएसआर फंड की मदद से तैयार किए गए है। राज्य सभा ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और निपुण भारत कार्यक्रम 2023 के तहत शिक्षा और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए राज्य और केंद्र स्तर पर विद्यार्थियों के लिए कई शैक्षणिक योजनाएं जारी है।

प्रेसवार्ता में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव,भापजा जिला महामंत्री कुंवर सिंह यादव,नीति सलाहकार खान मंत्रालय के सदस्य राजभाषा समिति व अवंत फाउंडेशन के संरक्षक अवनीश त्रिपाटी, डीपीसी नर्मदापुरम राजेश जायसवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष विकास नारोलिया, मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# मातृशक्तिओं से किया परिचय सम्मेलन में शामिल होने आग्रह



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

मेहर गढ़वाल समाज कल्याण परिषद के 26 वें युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं गौरव सम्मान समारोह में शामिल होने के लिए क्षेत्र के सेमरी हरचंद झालौन और जमुनिया ग्राम में प्रांतीय महिला प्रकोष्ठ द्वारा समाज में जनसंपर्क किया गया। प्रांतीय मीडिया प्रकोष्ठ प्रभारी तरुण मेहरा ने बताया कि समाज का परिचय सम्मेलन कार्यक्रम 1 फरवरी दिन रविवार को भोपाल स्थित परमार धर्मशाला पहाड़ी दुर्गा मंदिर परिसर में होना है जिसके लिए प्रदेश भर में समितियों द्वारा लगातार जनसंपर्क किया जा रहा है एवं पत्रक वितरण किए जा रहे हैं कार्यक्रम में विवाह योग पुत्र-पुत्री के साथ सह परिवार शामिल होने सामाजिक बंधुओं को आमंत्रित किया जा रहा है। प्रांतीय महिला प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष पुष्प लता बामलिया, प्रांतीय महासचिव अर्चना मेहरा, कार्यकारिणी उपाध्यक्ष क्षमता मेहरा, क्षेत्रीय समिति इटारसी सचिव मनीषा पवार एवं प्रांतीय मीडिया प्रभारी तरुण मेहरा द्वारा जनसंपर्क कर कार्यक्रम में शामिल होने आमंत्रित किया गया।

## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट व मॉडल स्कूलों में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा आगामी 8 फरवरी को

**बैतूल।** जिलास्तरीय उत्कृष्ट विद्यालयों एवं विकासखंड स्तरीय मॉडल स्कूलों की कक्षा 9वीं में सत्र 2026-27 हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाना है। इसके लिए विद्यार्थियों को ओपन स्कूल द्वारा आनलाइन आवेदन करना होगा। यह परीक्षा आगामी 8 फरवरी 2026 को आयोजित होगी, वहीं आवेदन भरने की अंतिम तिथि 16 जनवरी 2026 है। विद्यार्थियों को इस परीक्षा के शुल्क के रूप में 200 रुपए प्रति विद्यार्थी जमा करने होंगे। उल्लेखनीय है कि लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी पत्र के अनुसार प्रदेश के सभी 43 विभागीय जिलास्तरीय उत्कृष्ट विद्यालयों एवं 145 विकासखंड स्तरीय मॉडल स्कूलों की कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया है ताकि इन स्कूलों में सीटों की पूर्ति हो सके।

### एमराल्ड हेरीटेज भूमि आवंटन मामले में सीएस, पीएस, कलेक्टर और सीएमओ को नोटिस

**बैतूल।** जिला जेल परिसर की बेशकीमती जमीन प्राइवेट फर्म एमराल्ड हेरीटेज को दिए जाने के मामले में मप्र शासन के चीफ सेक्रेटरी सहित बैतूल के कलेक्टर और नपा सीएमओ को न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु नोटिस जारी हुआ है। आगामी 24 जनवरी को इस मामले में न्यायालय में पेशी है। अधिवक्ता दर्शन बुंदेला ने बताया कि बैतूल के सिविल सोसायटी की ओर से सुनील पलेरिया द्वारा लोक उपयोगी सेवाओं की स्थाई लोक अदालत बैतूल में धारा 22 (क) राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के तहत चीफ सेक्रेटरी मप्र शासन, प्रमुख सचिव राजस्व विभाग, कलेक्टर बैतूल और मुख्य नपा अधिकारी बैतूल को पक्षकार बनाकर परिवाद लगाया था, इसी परिवाद में न्यायालय ने इन्हें उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करने के लिए निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि उनके पक्षकार ने जिला जेल की उपरोक्त भूमि जो प्राइवेट फर्म एमराल्ड हेरीटेज को दी है, यह भूमि शहर के हाट बाजार, पार्किंग आदि मूलभूत जरूरतों के लिए आरक्षित करने के संबंध में यह परिवाद लगाया था। लोकउपयोगी सेवाओं के लिए स्थाई लोक अदालत में पंजीबद्ध किया गया।

### आज से दस दिवसीय मेला, देश-प्रदेश के कोने-कोने से आते हैं श्रद्धालु

# सतपुड़ा की साढ़े तीन हजार फीट ऊंचे विराजमान हैं आराध्य बाबा मठारदेव





योगेश मालवीय ▶▶ बैतूल/सारनी

सतपुड़ा की पर्वत श्रृंखलाओं के बीच साढ़े तीन हजार फीट की ऊंचाई पर बाबा मठारदेव के शिखर मंदिर की ख्याति पूरे देश-प्रदेश में विख्यात है। ऐसी अवधारणा है कि जो भी श्रद्धालु यहां पूरी आस्था और श्रद्धा से माथा टेकता है, भगवान मठारदेव उसकी झोली खाली नहीं रहने देते और उनकी मनोकामना पूरी करते है। यहीं कारण है कि यहां हर साल मकर संक्राति पर विशाल मेले में जिले से ही नहीं अपितु पूरे मध्यप्रदेश और देश के कोने-कोने से लोग आते है। वैसे बाबा मठारदेव की असीम कृपा हमेशा ही सारनी क्षेत्र पर रहीं है। यहां प्राकृतिक सौंदर्य के साथ-साथ प्रदेश को रोशन करने वाला थर्मल पॉवर स्टेशन और कोल खदान है। वहीं बाबा के शिखर मंदिर से सारणी क्षेत्र का दृश्य बेहद ही मनोरम और आकर्षक रहता है। बाबा के तलहटी में जहां भगवान श्रीराम का सुंदर मंदिर है, वहीं शिखर की चढाई बाबा के तलहटी मंदिर में माथा टेककर शुरू होती है। श्रद्धालुओं को शिखर मंदिर के लिए करीब साढ़े तीन हजार फीट यानि लगभग 1900 सीढ़ियों की कठिन चढ़ाई पूरी करनी पड़ती है। बताया जाता है कि

#### बाबा मठारदेव को लेकर अवधारणाएं

बाबा मठारदेव को लेकर क्षेत्र के लोगों में यह अवधारणाएं है कि भगवान श्रीश्री 1008 बाबा मठारदेव एक महान तपस्वी एवं शिवभक्त है, जिन्होंने इसी पर्वत पर कठोर तप कर भगवान शिव को प्रसन्न किया था। जिस स्थान पर बाबा ने साधना की, वही आज विशाल मंदिर परिसर के रूप में विकसित हो चुका है। वर्षों से यह स्थल भक्तों के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बना हुआ है। वहीं पर बाबा की प्राचीन गुफा भी बताई जाती है। ऐसा भी मानना है कि एक बार सारनी पावर हाउस के एक अधिकारी ने मंदिर कि बिजली कटवा दी थी। इसके बाद अचानक पावर प्लांट के ट्रांसफार्मर में आग लग गई और करोड़ों के क्षति हो गई। लोगों का मानना है कि यह घटना बाबा की अवहेलना का ही परिणाम थी, तभी से आज तक बाबा के मंदिर में निर्बाध बिजली की आपूर्ति जारी है।

#### प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण तो देश-प्रदेश को रोशन करने में भी अहम भूमिका

सारणी क्षेत्र जहां प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण माना जाता है, वहीं इसकी एक यह भी खासियत है कि यहां पर प्रदेश को रोशन करने वाला थर्मल पावर प्लांट है। जिससे उत्पन्न बिजली प्रदेश के कोई बड़े शहरों और गांव को रोशन करती है, वहीं इस क्षेत्र में कोयले भी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। बाबा मठारदेव की यात्रा के दौरान चारों ओर फैली हरियाली, पहाड़ी की ऊंचाई से सतपुड़ा पावर प्लांट और जलाशय का दृश्य अत्यंत मनोहारी दिखाई देता है।

#### मकर संक्रांति पर लगता है भव्य और विशाल मेला

*श्रीश्री बाबा मठारदेव के प्रांगण में मकर संक्रांति पर दस दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। यह मेला 12 जनवरी से प्रारंभ होकर 22 जनवरी तक चलता है। लोग बताते है कि यह मेला 1978 को सर्वप्रथम बाबा मठारदेव के भक्तों द्वारा मकर संक्रांति पर चालू किया गया था, जो आज तक निरंतर चल आ रहा है। जिसमें दूर-दराज के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। मेले के दौरान भजन-कीर्तन, भंडारा एवं धार्मिक अनुष्ठान होते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाबा मठारदेव मंदिर केवल पूजा का स्थान नहीं, बल्कि सारनी की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान है। पहाड़ी की चोटी से दिखाई देने वाला सूर्यास्त और नीचे फैली पूरी नगरी का दृश्य श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति से भर देता है। बाबा मठारदेव मंदिर न सिर्फ शिव भक्तों की आस्था का केंद्र है, बल्कि यह स्थल धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से भी सारनी को विशेष पहचान दिला रहा है।*

#### बाबा मठारदेव मेला प्रांगण पहुंचने का यह है सुगम मार्ग

*औद्योगिक क्षेत्र सारनी पहुंचने के लिए वैसे तो रेल मार्ग और सड़क मार्ग दोनों ही है। सारनी सड़क मार्ग से जुड़ा हुआ है, जबकि रेल मार्ग से आने वाले श्रद्धालुओं को पहले घोड़ाडोंगरी रेलवे स्टेशन पर उतरना पड़ता है। यहां से करीब 12 किमी की दूरी टैक्स, यात्री बस के माध्यम से श्रद्धालु पूरी कर सकते है। बाबा मठारदेव की नगरी सारनी पहुंचने पर श्रद्धालु श्रीराम मंदिर में भगवान श्रीराम के दर्शन कर सकते है। यहीं भगवान साईं का भी मंदिर बना हुआ है। इसके बाद बाबा मठारदेव के तलहटी मंदिर में भगवान के दर्शनों का लाभ लेकर शिखर मंदिर की यात्रा शुरू कर सकते है। मकर संक्रांति पर यहां विशाल मेले के साथ-साथ कईयों स्थान पर भोजन प्रसादी और भंडारे का आयोजन भी होता है।*

### बैतूल में श्री अन्न मिलेट्स

# पद्मश्री लहरी बाई 150 प्रकार के मिलेट्स लेकर पहुंची मेला में





**बैतूल।** शिवाजी ओपन ऑडिटोरियम में रविवार से तीन दिवसीय श्री अन्न मिलेट्स मेला-2026 की शुरुआत हुई। शुभारंभ समारोह में केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री डीडी उइके, विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार, नपा बैतूल अध्यक्ष पार्वती बारस्कर समेत अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मेले का आकर्षण डिंडौरी की रहने वाली पद्मश्री अवार्ड प्राप्त लहरी बाई मुख्य आकर्षण रही, जिन्हें देशभर में मिलेट्स की ब्रांड एंबेसडर के रूप में जाना जाता है। वे अपने साथ 150 प्रकार के मोटे अनाज लेकर बैतूल पहुंचीं थी। स्टॉल पर मिलेट्स की इतनी विविधता देखकर दर्शकों ने इसे सेहत का उत्सव बताया।

#### स्टॉल, व्यंजन और संस्कृति ; तीन दिन का मेला

अतिथियों ने मेले में लगे विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। और मिलेट्स से बने व्यंजनों का स्वाद चखा, इनमें महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार जैविक उत्पाद, हस्तशिल्प, स्थानीय पारंपरिक व्यंजन व मिलेट आधारित खाद्य पदार्थ प्रमुख रहे। अगले तीन दिनों तक मेले में ज्वार, बाजरा, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी, कांगनी जैसे मोटे अनाजों से तैयार व्यंजनों का स्वाद लिया जा सकेगा। इसके साथ ही बच्चों व महिलाओं के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

### इंदौर में सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर दीपाली डागा को मिला रवींद्रनाथ टैगोर नेशनल डायरेक्टर अवार्ड



**बैतूल।** बैतूल सहित पूरे मप्र. में शिक्षा, संस्कार और अब शिक्षा में टेक्नोलॉजी के प्रभावी उपयोग की पहचान बना चुके सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर दीपाली निलय डागा को इंदौर के एसेंशिया लग्जरी होटल में आयोजित समारोह में इस वर्ष के प्रतिष्ठित रवींद्रनाथ टैगोर नेशनल डायरेक्टर अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम एक उपदेश मीडिया द्वारा आयोजित एजुकेशन एक्सीलेंस कॉन्क्लेव के अंतर्गत हुआ, जिसमें देशभर के स्कूल मालिक, प्रिंसिपल और के-12 एजुकेटर्स शामिल हुए। सम्मान प्राप्त करने के साथ ही दीपाली डागा ने पैनलिस्ट के रूप में लचीलापन और मानसिक स्वास्थ्य विषय पर अपने विचार भी साझा किए। कॉन्क्लेव में शिक्षा में टेक्नोलॉजी, स्मार्ट स्कूल सिस्टम, डिजिटल इंटीग्रेशन, स्कूल मैनेजमेंट, लीडरशिप और के-12 शिक्षा के भविष्य के रुझानों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस कार्यक्रम में सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल की ओर से स्कूल प्रिंसिपल डॉ. रीता बाजपेई की मौजूदगी और उनके सार्थक योगदान ने भी सभी का ध्यान आकर्षित किया।

### जिला अस्पताल में डॉक्टरों की कमी बढ़ी, तीन पहले भी छोड़ चुके सेवा

# मेडिकल ऑफिसर डॉ. आनंद मालवीय ने दिया इस्तीफा



**बैतूल।** जिला अस्पताल वैसे ही चिकित्सकों की कमी से जूझ रहा था। ऐसे में एक और डॉक्टर के इस्तीफा देने से अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं पर एक और झटका लगा है। बताया जा रहा है कि जिले के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आनंद मालवीय ने 15 साल की सरकारी सेवा के बाद रविवार को त्यागपत्र दे दिया है। वे जिला क्षय रोग अधिकारी के पद पर कार्यरत थे।

डॉ. मालवीय ने व्यक्तिगत कारणों और समय प्रबंधन की कठिनाइयों को अपने इस्तीफे की वजह बताया है। डॉ. मालवीय ने जून 2011 में बैतूल जिला अस्पताल में कार्यभार संभाला था। इससे पूर्व उन्होंने भोपाल के पीपुल्स हॉस्पिटल में दो वर्ष तक मेडिसिन विभाग में सेवा दी। उन्होंने 1998 बैच में इंदौर मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की थी, जिसके बाद उज्जैन मेडिकल कॉलेज में एक वर्ष और हैदराबाद के फैजान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में तीन वर्ष तक डीएनबी मेडिसिन की ट्रेनिंग ली। डॉ. मालवीय अपने सौम्य स्वभाव और कार्य के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते थे। कोरोना काल में भी उन्होंने पूर्ण समर्पित होकर मरीजों को अपनी सेवाएं दी। उनके कार्यकाल में टीबी नियंत्रण कार्यक्रम में जिले ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं। उन्हें वर्ष 2019 के लिए 2020 में ब्रॉन्ज अवॉर्ड और 2023 में सिल्वर नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। उन्होंने एचआईवी कार्यक्रम में भी एक मॉडल अधिकारी के रूप में योगदान दिया। डॉ. मालवीय ने बताया कि अब वे निजी क्षेत्र में काम करने की योजना बना रहे हैं और अपने स्वयं के अस्पताल की शुरुआत की तैयारी कर रहे हैं।

#### 15 डॉक्टर ही अस्पताल में रह जाएंगे

डॉ. मालवीय के इस्तीफे के बाद जिला अस्पताल में मेडिकल ऑफिसर के 18 स्वीकृत पदों में से अब केवल 15 डॉक्टर ही कार्यरत रह जाएंगे। बॉन्ड पर नियुक्त अधिकांश डॉक्टर बिना वेतन छुट्टी (लीव विद आउट पे) लेकर जा चुके हैं, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है। विशेषज्ञ डॉक्टरों की स्थिति और भी चिंताजनक है।

# करंट से युवक की मौत, हत्या का केस दर्ज



**बैतूल।** खेत में बिछाए गए करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक अर्जुन कुमरे (30) को आरोपी ने ही खेत में तार बिछाने के लिए बुलाया था, तभी यह हादसा हुआ। पुलिस ने मौके से बिजली के तार और अन्य उपकरण जब्त कर लिए हैं। घटना आठनेर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पानबेहरा में सामने आई।

यहां हिडली रोड स्थित एक खेत की मेड़ पर 30 वर्षीय अर्जुन कुमरे का शव संदिग्ध हालत में मिला था। शुरू में सिर से खून बहने के कारण हत्या की आशंका जताई गई थी। मौके पर सीन ऑफ क्राइम एक्सपर्ट निरीक्षक आबिद अंसारी और डॉग स्क्वॉड ने मुआयना किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अर्जुन के हाथ-पैर पर करंट के प्रवेश और निकास के निशान मिले, जिससे पुष्टि हुई कि मौत करंट लगने से हुई है। जांच में खुलासा हुआ कि पानबेहरा निवासी उमेश कवड़े (26) ने अपने खेत में जंगली सूअरों को पकड़ने के लिए अवैध रूप से बिजली का करंट फैलाया था। उसने मृतक अर्जुन को घर से बुलाकर खुले बिजली के तार लगाने को कहा था। इसी दौरान अर्जुन को करंट लगा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी उमेश फरार हो गया था, जिसे पुलिस टीम ने दबिश देकर पकड़ लिया। उसकी निशानदेही पर जीआई तार, लोहे की खूंटियां और बांस का डंडा जब्त किया गया है।

# मनरेगा व सरकारी मेडिकल कॉलेज के लिए सड़कों पर उतरेगी कांग्रेस

### 15 को आमला और 16 को भैंसदेही में रैली व आमसभा

**बैतूल।** जिले में कांग्रेस पार्टी मनरेगा को लेकर व्यापक जन आंदोलन शुरू करने जा रही है। इसी क्रम में कांग्रेस द्वारा मनरेगा बचाने और बैतूल में प्रस्तावित पीपीपी मोड की जगह सरकारी मेडिकल कॉलेज की मांग को लेकर संग्राम रैली का आयोजन दो चरणों में किया जाएगा।

पार्टी का उद्देश्य मनरेगा से जुड़े मुद्दों और पीपीपी मोड मेडिकल कॉलेज के दुष्परिणाम को जन-जन तक पहुंचाना और मजदूरों के अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करना है। जिला कांग्रेस कमेटी से मिली जानकारी के अनुसार पहले चरण में 15 जनवरी को सुबह 11 बजे आमला में जिला कांग्रेस कमेटी की अगुवाई में मनरेगा बचाओ संग्राम रैली एवं आमसभा का आयोजन किया जाएगा। इस रैली में कांग्रेसजन मनरेगा में आ रही परेशानियों, मजदूरी भुगतान में देरी, काम के अवसर कम होने जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाएंगे। आमसभा के माध्यम से कांग्रेस नेताओं द्वारा सरकार की नीतियों पर सवाल खड़े किए जाएंगे।

दूसरे चरण में 16 जनवरी को दोपहर 12 बजे भैंसदेही में रैली एवं आमसभा आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम की विशेष बात यह रहेगी कि इसमें कांग्रेस नेता सीधे मनरेगा मजदूरों से मुलाकात करेंगे और उनकी समस्याएं सुनेंगे। मजदूरों की वास्तविक स्थिति को सामने लाने का प्रयास किया जाएगा। कांग्रेस ने स्पष्ट किया है कि इस आंदोलन के दौरान प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों की असलियत भी जनता के सामने लाई जाएगी। पार्टी का कहना है कि स्वास्थ्य और रोजगार जैसे बुनियादी मुद्दों पर सरकार विफल रही है, जिसे अब जनता तक पहुंचाना जरूरी है।

# भारत भारती में विराट हिन्दू सम्मेलन संपन्न



**बैतूल।** ग्राम भारत भारती में भारत भारती मंडल का रविवार विराट हिंदू सम्मेलन संपन्न हुआ। कार्यक्रम मुकुंद गिरी महाराज, बलदेव वाघमारे, रीना श्रीवास्तव के आतिथ्य में और श्याम राव बारंगे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कलश यात्रा के पश्चात वंदे मातरम से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस मौके पर नर्मदापुरम विभाग के विभाग धर्म रक्षा संयोजक और मुख्य वक्ता जोगेंद्र सूर्यवंशी ने कहा कि हिन्दू धर्म विभिन्न परंपराओं, विश्वासों और विचारों का एक समुच्चय है, जो हजारों वर्षों में विकसित हुआ है। हिंदू धर्म को सनातन धर्म भी कहा जाता है, जिसका अर्थ शाश्वत धर्म है। उन्होने कहा कि एक संगठित हिंदू समाज ही समर्थ और सक्षम भारत का निर्माण कर सकता है। उन्होंने देश के गौरवशाली सांस्कृतिक मूल्यों को सहेज कर रखने को प्रत्येक समाज का दायित्व बताया। श्री सूर्यवंशी ने कहा कि प्रकृति की पूजा करने वाला प्रत्येक व्यक्ति हिंदू समाज का अभिन्न अंग है। वर्तमान समय में कुछ तत्वों द्वारा हिंदू समाज को जातिगत भिन्नता के आधार पर दुष्प्रचार और षड्यंत्र के माध्यम से विभाजित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने हिंदू समाज जनों से जातिगत भेद त्याग कर एकजुट होने का आह्वान किया। धर्म जागरण सभी सामाजिक बन्धु का मुख्य वक्ता का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम का मंच संचालन ज्ञान कृति विद्यालय के संचालक कृष्णा पारधे किया गया। धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन, समाज से आए हुए ने भी अपने वक्तव्य दिए। भारत माता आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में भारत भारती मंडल के 10 गांव से पधारे हुए सामाजिक बंधु, मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी एवं बच्चे उपस्थित रहे। विराट हिंदू सम्मेलन में हजारों की संख्या में लोग उपस्थित हुए।

### मुलताई में कल से शुरू होगा रामाश्रम सत्संग का तीन दिवसीय आयोजन

**मुलताई।** श्री रामाश्रम सत्संग मथुरा उपकेन्द्र मुलताई द्वारा 13, 14 एवं 15 जनवरी 2026 को तीन दिवसीय आध्यात्मिक सत्संग समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह सत्संग क्षत्रिय लोणारी कुनबी समाज भवन, मां ताप्ती तट, मुलताई में संपन्न होगा। आयोजन का उद्देश्य आत्मज्ञान की प्राप्ति के माध्यम से जीवन को शांतिमय और आनंदमय बनाना है। सत्संग में समर्थ गुरु परमसंत डॉ. चतुर्भुज सहाय महाराज द्वारा प्रतिपादित सरल एवं शीघ्र फलदायक साधना शैली पर आधारित ध्यान-चिंतन साधना शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें रामाश्रम सत्संग मथुरा से संबद्ध अनुभवी आचार्यों का सानिध्य मिलेगा। कार्यक्रम के तहत 13 जनवरी को शाम 7 से 9 बजे, 14 जनवरी को सुबह 8.30 से 10.30 बजे तथा शाम 7 से 9 बजे और 15 जनवरी को सुबह 8.30 से 10.30 बजे तक भजन, प्रवचन एवं ध्यान होगा, इसके बाद प्रसादार्पण के साथ समापन होगा। आयोजकों ने बताया कि इसमें सभी जाति, धर्म और संप्रदाय के लोग शामिल हो सकते हैं तथा कोई दान-दक्षिणा नहीं ली जाएगी। सत्संग स्थल पर डॉ. चतुर्भुज सहाय महाराज एवं अन्य महापुरुषों द्वारा लिखित साहित्य उपलब्ध रहेगा। 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों एवं बीमार व्यक्तियों को न लाने का आग्रह किया गया है। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था सत्संग स्थल पर रहेगी, वहीं ठंड से बचाव हेतु कंबल व चादर साथ लाने की अपील की गई है।

### केन्द्रीय विद्यालय सारणी का स्वर्ण जयंती समारोह 23-24 जनवरी को

**बैतूल।** केन्द्रीय विद्यालय, सारणी के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती समारोह एवं पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन 23 एवं 24 जनवरी को केन्द्रीय विद्यालय, सारणी परिसर में किया जाएगा। यह आयोजन स्टूडेंट एलुमनी एसोसिएशन ऑफ केंद्रीय विद्यालय सारणी द्वारा किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर देश-विदेश से पूर्व छात्र, सेवानिवृत्त शिक्षक, पूर्व प्राचार्यगण एवं विशिष्ट अतिथि एक मंच पर उपस्थित रहेंगे। 23 जनवरी को पूर्व छात्र सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें पूर्व स्टाफ का स्वागत, पूर्व छात्रों का आपसी संवाद तथा सायंकाल पूर्व छात्रों द्वारा सजीव संगीत, डिस्क जॉकी नाइट, अलाव एवं सामूहिक रात्रि भोज का आयोजन किया जाएगा। 24 जनवरी को स्वर्ण जयंती समारोह के अंतर्गत प्रातः विद्यालय प्रार्थना सभा एवं स्वर्ण जयंती सभा, 51 पौधों का वृक्षारोपण अभियान, दीप प्रज्वलन, प्राचार्य एवं मुख्य अतिथि का संबोधन, विद्यार्थियों एवं पूर्व छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, शिक्षकों का सम्मान, स्वर्ण जयंती स्मारिका का विमोचन तथा पूर्व छात्र गोलमेज चर्चा आयोजित की जाएगी।

# युवा दिवस पर आज जिले के विद्यालयों में किया जाएगा सामूहिक सूर्य नमस्कार

### जेएच कॉलेज में आयोजित होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी जिले में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद का जन्मदिवस युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं अन्य शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम जेएच कॉलेज में प्रातः 9 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। जारी निर्देश के अनुसार जिले के समस्त शिक्षण संस्थाओं में 12 जनवरी को प्रातः 9 बजे से प्रातः 10.30 बजे तक एक साथ सामूहिक सूर्य-नमस्कार कराया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान आकाशवाणी के माध्यम से प्रातः 9.30 बजे से 10.15 बजे राष्ट्रगीत वंदेमातरम, स्वामी विवेकानंद जी की वाणी, मुख्यमंत्री जी का रिकॉर्डेड संदेश तथा सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का प्रसारण होगा। तदनुसार कार्यक्रम में पूर्व की भांति रेडियो आदि की व्यवस्थाएं कर कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा। 12 जनवरी को आयोजित सामूहिक सूर्य-नमस्कार कार्यक्रम में सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और स्कूली बच्चे शामिल होंगे। इस अवसर पर विद्यार्थियों को योग एवं स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के महत्व की जानकारी भी दी जाएगी।

### अमर शहीद दीपक यादव के 21वीं शहादत दिवस पर कवि सम्मेलन

# हिंदू जातिगत भेद त्याग कर एकजुट हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

अमर शहीद दीपक यादव की स्मृति मे अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन शहीद दीपक यादव चौक पर किया गया । जिसमें देश के ख्यातिनाम कवियों ने सैनिकों के शौर्य पर रचनाएं पढ़ी तो वहीं बेटियों के पराक्रम और स्वाभिमान के गीत गाए। लाडो फाउंडेशन के द्वारा बेटियों के नाम से चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत मंच से बेटियों को नेम प्लेट प्रदान की गई।

वहीं पूर्व सैनिक संघ द्वारा अमर शहीद को रीत सेरेमनी के माध्यम से समाधि स्थल पर शौर्य चक्र चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इससे पूर्व सुबह द्रोणा पब्लिक स्कूल, नवीन विद्या मंदिर पटेल वार्ड, रघुकुल डिफेंस एकेडमी, नवीन स्कूल सदर के विद्यार्थियों द्वारा प्रभात फेरी निकाल कर शहीद दीपक चौक पर अमर शहीद दीपक यादव को श्रद्धांजलि दी गई है। विगत 12 वर्ष से अनवरत जारी एक शाम शहीदों के नाम कवि सम्मेलन का संचालन वरिष्ठ कवि ब्रजकिशोर पटेल इटारसी ने किया वहीं हिमाचल प्रदेश से पधारे कवि ठाकुर नरेंद्र छिंटा ने पहाड़ी गीतों से देश के सैनिकों का शौर्य सुनाया, पथरौटा से पधारे सतीश शमी ने गज़लें सुनाई तो आल्हा की तर्ज पर नर्मदापुरम के सुनील सांवला ने माहौल को भावपूर्ण कर दिया। बैतूल से सुनील पांसे दास ने देश के हालात और चुनौती पर अपनी बात रखी तो प्रभात पट्टन के पुष्पक देशमुख ने चेतक का शौर्य सुनाकर स्वाभिमान का भाव जगाया। बैतूल बाजार से अजय पंवार ने क्षणिका और पिपरिया से पधारे अरूण गढ़वाल ने व्यंग्य के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों पर बुंदेलखंडी गीत सुनाकर श्रोताओं को ठहाकों से बांधे रखा। इस अवसर पर बैतूल थाना प्रभारी नीरज पाल, तहसीलदार गोवर्धन पाठे, मुन्ना मानकर, धीरज हिराणी, राहुल अग्रवाल आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। समिति द्वारा सैनिकों का सम्मान किया गया साथ ही कवियों को प्रतीक चिन्ह भेंट किए गए। देर रात तक चले गरिमामय आयोजन का संचालन गीता नागले एवं आभार अनिल यादव ने पत्रकारों, नगर पालिका परिषद,जिला प्रशसन, समाजसेवी एवं अन्य सामाजिक संगठनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सुदामा सूर्यवंशी, सुखदेव पांसे, केवल राम यादव, पंढरी डांगे सैनिक संघ अध्यक्ष, सत्येंद्र माकोड़े प्रवेश कावरे, पारस भोपते, राजपाल पाल, धर्मेंद्र खौसे, नवल वर्मा, प्रसेन मालवी, महेंद्र गुदवारे, सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



### होर्डिंग्स ठेकेदार फर्म पर नपा की अनदेखी या मेहरबानी, मामले में नगर कांग्रेस करेगी आंदोलन

# आर्थिक तंगी से जूझती नपा को साईं राजा ट्रेडर्स लगा रही लाखों का चूना, नही भरा पूरा टैक्स

आर्थिक तंगी से जूझती नगर पालिका को स्वयं उसकी ही एक ठेकेदार फर्म साई राजा ट्रेडर्स द्वारा लाखों रुपए का चूना लगाया जा रहा है। यह आंखों में से सुरमा चुराने जैसा कार्य ठेकेदार फ़र्म वर्क आर्डर मिलने के बाद से ही लगातार करती आ रही है, और अब तो लगता है कि संभवत आगे भी बिना रोक-टोक करती रहेगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर में नगरपालिका द्वारा अधिकृत होर्डिंग्स ठेकेदार फर्म साईंराजा ट्रेडर्स सरेआम नपा को ही लाखों रूपये का चूना लगा रही है। नियमों को तांक पर रखकर ठेकेदार फर्म द्वारा तय साइज से अधिक साइज के पोल विज्ञापन लगाकर लाखों रूपये की कमाई की जा रही है। फर्म की इस कमाई में जो राजस्व नपा को मिलना चाहिए, वो ठेकेदार स्वयं डकार जा रहे हैं।

दरअसल नपा द्वारा जारी टेंडर में पोल होर्डिंग्स का साइज 5×2 रखा, जिसके रेट 250 रुपए वर्गफीट निर्धारित हुए हैं। जमीनी हकीकत यह है कि पूरे मुख्य बाजार क्षेत्र में देख सकते हैं। जयस्तंभ चौक सहित पूरे बाजार में ठेकेदार फर्म ने 10×4 के व्यावसायिक होर्डिंग्स लगा दिए हैं, वो भी दो तरफा।

अर्थात जिस पोल पर 10 वर्गफुट का होर्डिंग विज्ञापन लगाया जाना था वहां अब करीब 80 वर्गफुट स्थान पर होर्डिंग लगाया गया है। अगर एक बार यह मान भी लिया जाए होर्डिंग लगाना गलत नहीं है तो उसके एवज में नपा को 89 पोल पर 80 वर्गफुट स्थान घेरने पर कुल 80×89= 7120 वर्गफुट कुल जगह हुई। अब 7120×250 रूपये प्रति वर्गफीट के हिसाब से करीब 17,80,000 का भुगतान किया जाना चाहिए।

#### इधर वसूली तो उधर भुगतान का दबाव

मामले में पिछले दिनो हरिभूमि ने पूरे होर्डिंग्स स्कैम का खुलासा किया था। जिस खबर के बाद साई राजा ट्रेडर्स ने 11 लाख रुपए नपा में जमा किए। लेकिन हरिभूमि के विश्वसनीय सूत्रों ने जानकारी दी है कि ठेकेदार से कुछ कथित साझेदारी/प्रेम रखने वाले जनप्रतिनिधियों ने उनकी फर्म को नपा से अन्य कार्यों का भुगतान कराने के लिए दौड़ भाग शुरू कर दी थी। मतलब यहां ठेकेदार के पैसे लगे तो उधर हालांकि आर्थिक तंगी के चलते ये संभव हो न सका।




#### खबर का हुआ असर, 11 लाख किए थे जमा

पिछले दिनों हरिभूमि ने नगर पालिका परिषद इटारसी के होर्डिंग ठेकेदार फ़र्म के पूरे स्कैम का खुलासा किया था, कि कैसे फर्म द्वारा वर्क आर्डर लेने के 7 महीने बाद भी भुगतान नहीं किया था। हरिभूमि की खबर के बाद साईं राजा ट्रेडर्स द्वारा 11 लाख रुपए की राशि नगर पालिका को भुगतान की गई थी। हालांकि यह राशि एक वर्ष की न होकर मार्च महीने तक की होना बताया गया। जबकि नपा ने तो ठेकेदार फर्म को 14,70,500 रूपये का नोटिस थमाया था। नपा द्वारा आंकलित पोल किराया अनुसार वर्तमान में ठेकेदार द्वारा जो अंधेरगर्दी मचाई जा रही है उससे नपा को न सिर्फ राजस्व की बड़ी हानि हो रही है, बल्कि ईमानदार एवं निष्पक्ष शाख पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

#### इनका कहना है...


हमनें वर्गफीट के हिसाब से टेंडर लिया है, और उस हिसाब से पिछले दिनों भुगतान भी कर दिया है। आप पता कर लीजिए। हमारी ओर से कुछ भी नियमों के विरुद्ध नही है।
**सन्नी बतरा, संचालक, साई राजा ट्रेडर्स, इटारसी**

नगरपालिका में अंधेरगर्दी मर्ची हुई है। पूरा शहर परेशान है। होर्डिंग्स मामले में अगर नपा द्वारा ठेकेदार से राजस्व वसूली नहीं की जाती है तो हम शांत नहीं बैठेंगे, नगर कांग्रेस ठेकेदार के विरूद्ध आंदोलन करेगी। **-कन्हैया गोस्वामी, अध्यक्ष, नगर कांग्रेस कमेटी इटारसी**

तय साइज से अधिक साइज के पोल विज्ञापन लगाने की खबर आपके द्वारा पता लगी है। अगर ठेकेदार फर्म द्वारा ऐसा किया जा रहा है तो यह अनाधिकृत है। नियमानुसार बकाया टैक्स वसूलेंगे। **-रितु मेहरा, सीएमओ, नगर पालिका इटारसी**

## हत्या के मामले में डिजिटल और फिजिकल जांच में जुटी है पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



यार्ड रोड पर मिली युवती की लाश के मामले में सिटी पुलिस डिजिटल और फिजिकली रूप से लगातार तलाश में जुटी है। जहां एक ओर पुलिस, मृतक युवती और उसके साथ घूम रहे संदिग्ध युवक से संबंधित शहर भर के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

वहीं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर इनफ्लुएंसर्स के माध्यम से लगातार संदिग्ध युवक की फोटो वायरल करवाके पहचान जताने में लगी है। पुलिस अधीक्षक साईंकृष्ण थोटा के अनुसार, संदिग्ध युवक की पहचान बताने पर इनाम की घोषणा कर दी गई है। वहीं पहचान गुप्त रखने की बात भी कही गई है। पुलिस टीम इटारसी से लेकर मुंबई महाराष्ट्र तक के स्टेशनों पर भी जांच करके आई है, लेकिन अभी भी हाथ खाली है। कोई ठोस सुराग पुलिस के हाथ नहीं लगा है।थाना प्रभारी गौरव बुंदेला ने कहा कि हुलिए के आधार पर मृतक युवती और युवक लेबर क्लास लग रहे हैं, जिनके लिए आसपास के जिलों सहित पूरे मध्यप्रदेश में युद्ध स्तर पर जांच पड़ताल की जा रही है।

## श्री गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज ने भक्ति और भाईचारे के साथ किया नव वर्ष का स्वागत

**इटारसी।** श्री गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज संगठन इटारसी द्वारा नव वर्ष के उपलक्ष्य में स्नेह मिलन समारोह का आयोजन पुरानी इटारसी स्थित सुदामा मैरिज हॉल मेंहुआ। इस कार्यक्रम में समाज के सदस्यों ने बड़ी संख्या में एकत्र होकर नव वर्ष की खुशियां साझा कीं और सामाजिक एकता का संकल्प लिया। स्नेह मिलन के इस अवसर पर सभी के लिए स्नेह भोज का आयोजन भी किया। जहां समाज के वरिष्ठों और युवाओं ने एक-दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। पुरानी इटारसी के आयोजनकर्ताओं ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। समाज के पदाधिकारियों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति और सहयोग के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

## शास्त्री पार्क का फाउंटेन स्ट्रक्चर क्षतिग्रस्त, हो सकती है दुर्घटना



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर में सिविल कोर्ट चौराहा स्थित शास्त्री पार्क में नप का फाउंटेन स्ट्रक्चर बना है। लेकिन स्ट्रक्चर क्षतिग्रस्त हो चला है। शहरवासियों ने प्रशासन से फाउंटेन के समीप संभावित दुर्घटना रोकने के लिए प्रयास करने की अपेक्षा की है।

हरिभूमि संवाददाता को आसपास के व्यापारियों ने बताया कि छोटे बच्चे स्ट्रक्चर के आसपास खेलते हैं तथा फाउंटेन पर बैठ मोबाइल सेल्फी लेते हैं। वहीं पार्क परिसर में स्थित शिवलिंग पर प्रतिदिन शिव भक्त जलार्पण के लिये आते हैं। इस फाउंटेन स्ट्रक्चर का दिनोंदिन झुकना व गिरने की संभावना तक पहुंचना दुर्घटना का कारण बन सकता है। नागरिकों के अनुसार यदि शीघ्र ही इस स्ट्रक्चर को दुरुस्त नहीं किया गया अथवा तोड़ा नहीं गया तो कभी भी कोई गंभीर दुर्घटना हो सकती है। व्यापारियों व आम नागरिकों ने सोहागपुर नगर परिषद से स्ट्रक्चर फाउंटेन स्ट्रक्चर के सुधार की अथवा इसे तोड़ने की मांग की है।

## श्री राम कथाः संपत्ति के लिए भाई-भाई में मतभेद होना ठीक नहीं: प्रणवपुरी महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



मेहरागांव में जारी 9 दिवसीय श्रीरामकथा के सप्तम दिवस महाकाल लोक, उज्जैन से पधारे महामृत्युंजय पीठाधीश्वर, स्वामी प्रणवपुरी महाराज ने कहा कि सम्पत्ति के लिए भाई भाई के मतभेद होना ठीक नहीं। बाली मरे या सुग्रीव नुकसान परिवार का ही होता है।

भगवान श्री राम माता शबरी से भेंट करके और उनको नवधा भक्ति का उपदेश देते हैं माता शबरी बताते हैं कि प्रभु आप पंप सरोवर जाइए वहां सुग्रीव से आपकी मित्रता होगी और वही माता जानकी की खोज में आपकी मदद करेंगे भगवान, ऋष्यमूक पर्वत पर पहुंचते हैं।जहां हनुमान जी से उनके भेंट होती है और हनुमान जी सुग्रीव से मित्रता करते हैं भगवान सुग्रीव का दुख देखकर के कहते हैं कि सुग्रीव में बाली को एक ही बार से मार दूंगा क्योंकि मित्रता का लक्षण उपकार होता है। जैसे शत्रुता का लक्षण अपकार होता है यदि एक मित्र दूसरे मित्र की कोई मदद नहीं कर सकता तो फिर कैसा मित्र है?

सुग्रीव युद्ध करता है और बाली जब सुग्रीव को बहुत मारता है तो सुग्रीव दुखी होकर के भगवान के पास आता है और कहता है कि प्रभु आपने मुझे क्यों इस प्रकार से मार खिलाई? भगवान कहते हैं देखो तुम दोनों एक जैसे ही देखते हो अर्थात भगवान समदर्शी है।भगवान के लिए कोई अपना पराया नहीं है लेकिन भगवान ने इसी के साथ-साथ सुग्रीव की परीक्षा भी ली। परीक्षा लेकर यह दर्शन कराया कि भगवान भक्त के हृदय के विश्वास को देखते हैं पहली बार जब सुग्रीव ने मार खाई यदि उसको भगवान पर विश्वास नहीं होता तो दूसरी बार वह लड़ने बिल्कुल नहीं जाता। लेकिन सुग्रीव का भगवान के प्रति विश्वास दृण था, इसलिए वह फिर से अपनी जान को हथेली पर लेकर के बाली से लड़ने गया। भगवान ने बाण चलाया अर्थात जब हम अपने सारे प्रयास करके हार जाते हैं और भगवान के प्रति पूर्ण समर्पित हो जाते हैं तब भगवान हमारे ऊपर कृपा करते हैं।

उल्लेखनीय है कि स्वामी जी विलक्षण हनुमंती शैली श्रीराम कथा सुना रहे हैं, जो कि क्षेत्र चर्चा का विषय बना हुआ है। लगभग 17-18 वर्ष पूर्व उज्जैन से स्वामी अंगदजी महाराज इसी शैली में श्रीरामकथा का वाचन हुआ था, स्वामी प्रणवपुरी जी उन्हीं के शिष्य हैं।

## व्यवस्थापन की दरकार, दशकों पुराने पैटर्न पर सोहागपुर बाजार, नागरिकों को परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर शहर का बाजार दशकों पुराने पैटर्न को फॉलो करता है। लेकिन अब बाजार का स्वरूप बदल चुका है तो ज़रूरी है कि इसका उचित व्यवस्थापन किया जाए। नागरिकों के अनुसार कितनी ही परिषदें नगर निकाय में आईं-गईं, लेकिन शहर का बाजार व्यवस्थित नहीं कर सकीं। जिसके कारण यहां बढ़ती अस्थाई दुकानों की यकायक बढ़ने वाली संख्या तथा मनमानी पार्किंग बाजार में आवाजाही बाधित करती है। गुरुवार को भी शहर में हाट बाजार के दिन अन्य दिवसों की अपेक्षा दुकानों व ग्राहकों की संख्या अपेक्षा से कहीं अधिक होती है। जहां स्थाई दुकानों का विस्तार सड़क तक हो जाता है तो वहीं अस्थाई दुकानें भी आवाजाही की सभी सड़कों पर लगाई जाती हैं। जिसको जहां जगह मिलती है, वह वहीं दुकान सजाकर बैठ जाता है और फिर पूरे दिन आवाजाही बाधित होती है।

पुलिस अधिकारी सामान्य व पर्व के बाजारों के चलते पुलिस तैनात करते हैं। आम दिनों में बाजार बीट से पुलिस नदारद रहती है। जबकि त्यौहारी बाजार दौरान चार-पांच पुलिसकर्मी बाजार में भ्रमणकर बाजार में सुरक्षा व्यवस्था देखते हैं। लेकिन अस्थाई दुकानों तथा अवैध पार्किंग से होती आवाजाही की बाधा यथावत रहती है। पुलिसकर्मी मुख्य रूप से सराफा बाजार में सक्रिय रहते हैं, जहां अप्रिय स्थिति बनने की संभावना अधिक रहती है। लेकिन नागरिकों की मांग है कि बाजार से लगे सभी रास्तों पर पुलिसकर्मी व नपकर्मी तैनात किये जाने चाहिए। जो अस्थाई दुकानें सीमित क्षेत्र में लगवाएं तथा अवैध पार्किंग बाजार में होने ही ना दें।

उल्लेखनीय है कि दशकों पुराने पैटर्न पर संचालित होते बाजार को लेकर नागरिकों में सदैव नाराजगी रहती है। हाट बाजार की बिगड़ी व्यवस्था पर भी शहरवासी सोशल मीडिया पर प्रशासन को घेरते रहते हैं व ने बाजार में बाधित रास्तों की तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हैं। जनता के अनुसार श्रीराम चौक से बिहारी चौक तक स्थिति सबसे अधिक खराब होती है, जहां लोग मनमानी वाहन पार्किंग करते हैं। जनता की मांग है कि अधिकारी-कर्मचारी भी कभी बाजार में पुलिस सहित उपस्थित रहे।

## वृंदावन में सोहागपुर के सेंट पेट्रिक्स स्कूल के बच्चों ने जीते पुरस्कार




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

गत दिनों वृंदावन में हुए कृष्ण रंग महोत्सव में सेंट पैट्रिक स्कूल सोहागपुर के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। स्कूल के बच्चों ने गीत व संगीत की प्रस्तुति देकर संगीत गायन व वादन में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिसमें देव कुमरे ने कीबोर्ड वादन में प्रथम, मोहनीश साहू ने गायन में प्रथम, अश्विन ने तबला वादन में प्रथम व लक्ष्य ने की-बोर्ड वादन में प्रथम स्थान प्राप्त किये हैं। संगीत शिक्षक मनीष कुशवाहा ने बताया कि सोहागपुर के बच्चों मे टेलेंट है। इन्हें अगर मंच मिलेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी। विजेता समूह को स्कूल प्राचार्य फादर दिलीप मिंज एवं स्टाफ ने बधाई दी है।

## वैष्णावी कालोनी में श्री राम कथा महोत्सव में निकली श्रीराम बारात

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



न्यूयार्ड क्षेत्र में स्थित वैष्णवी कॉलोनी मुक्तिधाम के पास, तरोंदा रोड पर भक्ति की गंगा बह रही है। यहां हनुमंत शैली में संगीतमय श्री राम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

श्रीराम कथा 6 जनवरी, से चल रही है जिसका समापन 14 जनवरी को होगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक चल रही है। कथा वाचन स्वामी श्री प्रणव पुरी महाराज पीठाधीश्वर, महामृत्युंजय मठ, महाकाल, उज्जैन के श्रीमुख से हो रहा है।

कथा के दौरान भव्य राम बारात निकाली गई। हजारों श्रद्धालुओं ने इसमें हिस्सा लिया और पूरे मार्ग में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। भक्तों में भारी उत्साह देखा गया। कथा के समापन अवसर पर 14 जनवरी को दोपहर 12 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन के मुख्य सूत्रधार राम मोहन पटेल और जगमोहन पटेल हैं।

## सनाढ्य ब्राह्मण सभा के स्थापना दिवस में 33 मेधावी छात्रों को सम्मानित किया, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



सनातन संस्कारों और सामाजिक एकता को समर्पित सनाढ्य ब्राह्मण सभा का 29 वां स्थापना दिवस साईं कृपा मैरिज गार्डन में हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर समाज की प्रतिभाओं का सम्मान करने के साथ-साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया

**वरिष्ठों की उपस्थिति और सरस्वती वंदन**

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन और वंदना से हुआ, जिसे रश्मि मिश्रा, अस्मिता मिश्रा, विजयलक्ष्मी मिश्रा और नेहा बुधौलिया ने प्रस्तुत किया। मंच पर सभा के वरिष्ठ पदाधिकारी गोविंद प्रसाद दीक्षित, जेपी शर्मा, राजकुमार दुबे, दिनेश दुबे, संगीता शर्मा और मुकेश पाराशर मंचासीन रहे। सचिव घनश्याम शर्मा ने स्वागत भाषण दिया, जबकि सुनील मिश्रा ने सभा की गतिविधियों और शिवनारायण बुधोलिया ने वार्षिक आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया।

**प्रतिभाओं का सम्मानः** सभा के स्थापना दिवस पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के 33 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया इसमें नर्सरी से कक्षा 12वीं तक 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावियों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से गूंजा सभागार**

महिला सभा के तत्वावधान में आयोजित सांस्कृतिक सत्र में बच्चों और महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

**बांसुरी वादन :** अदिश्री शर्मा की मधुर तानों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**नृत्य व गायन :** प्रज्ञा राजोरिया, आराध्या मिश्रा, प्रतिष्ठा शर्मा, ओम मिश्रा, आकृति और अमन शर्मा ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। वहीं, मंगल ढिमोले, आशू मिश्रा, रौनक मिश्रा और विजयलक्ष्मी के गीतों ने खूब तालियां बटोरीं। सोमनाथ शर्मा की कविता और समाज की अन्य महिलाओं की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

कार्यक्रम का संचालन राजकुमार दुबे ने किया और आभार केके शर्मा ने व्यक्त किया। इस आयोजन को सफल बनाने में सुनील मिश्रा, मुकेश मिश्रा, कार्तिक बुधौलिया, शोभना शर्मा, रश्मि मिश्रा, कल्पना पाराशर और नेहा बुधौलिया का विशेष योगदान रहा।

## सिंधिया फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष नियुक्त हुए शिवम मेहरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिलीप यादव ने संगठन का विस्तार करते हुए इटारसी के युवा नेता शिवम मेहरा को नर्मदापुरम जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। अपनी नियुक्ति के पश्चात शिवम मेहरा ने नर्मदापुरम सांसद दर्शन सिंह चौधरी से शिष्टाचार भेंट कर संगठन की सामाजिक गतिविधियों और भावी योजनाओं से अवगत कराया। सांसद ने संगठन के कार्यों की प्रशंसा करते हुए मेहरा को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। इस दौरान शिवम मेहरा ने सांसद को आगामी जिला कार्यकारिणी गठन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण भी दिया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने कहा कि फाउंडेशन जिले में सामाजिक, शैक्षणिक और जनहित के कार्यों को मजबूती से आगे बढ़ाएगा।

### नर्मदा आव्हान सेवा समिति द्वारा आयोजित अखिल भारतीय काव्य महोत्सव

## काव्य महोत्सव में 45 कवियों ने बिखेरे साहित्य के रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




स्वामी विवेकानंद जयंती के पावन अवसर पर नर्मदा आव्हान सेवा समिति द्वारा आयोजित अखिल भारतीय काव्य महोत्सव एवं सम्मान समारोह में देश के विभिन्न अंचलों से आए कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। देर शाम तक चले इस कवि सम्मेलन में ओज, हास्य, श्रृंगार और व्यंग्य की त्रिवेणी बही।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रमोद पगारे अध्यक्ष नर्मदापुरम पत्रकार संघ मौजूद रहे। अध्यक्षता प्रदेश के वरिष्ठ कवि बीके पटैल ने की। आयोजक कैप्टिन करैया ने स्वागत भाषण के माध्यम से सभी का अभिनंदन किया।

दो सत्रों में चले इस सम्मेलन में 45 युवा कवियों ने अपनी लेखनी का जादू बिखेरा। चेतन जोशी कांटाफोड़ ने नर्मदा के किनारे-किनारे चलो के साथ हर-हर नर्मदे का जयघोष किया।

**पारिवारिक मूल्यः** कृष्णकांत मूंदड़ा विदिशा और जय सांवरा छिंदवाड़ा ने बुजुर्गों की सेवा और मां के चरणों को चारों धाम बताकर खूब तालियां बटोरीं।

**सामाजिक चेतनाः** सावन कुमार हरदा ने बेटियों की जिम्मेदारी और विनोद अंजान सिवनी ने बेटों के परदेस कमाने जाने के दर्द को स्वर दिया।

**वीर रस और राष्ट्रवादः** बरेली के शिवराम मेहरा और पवन प्रबल ने अपनी ओजस्वी पंक्तियों से राष्ट्रभक्ति का जज्बा जगाया।

**नारी शक्तिः** मेघा मिश्रा नरसिंहपुर और रोशनी रावत पिपरिया की कविताओं ने आत्मविश्वास और प्रेम के नए आयाम छुए। मुख्य अतिथि पंकज चौरे ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायी बताया। प्रमोद पगारे ने युवा कवियों को समाजहित में लिखने हेतु प्रेरित किया।

इस अवसर पर समिति द्वारा कवियों को युवा शब्द साधक प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। प्रथम सत्र का संचालन पवन प्रबल एवं द्वितीय सत्र का संचालन सुनील केहरी ने किया।

आयोजन में विनोद सनोडिया, एसआर धोटे, सावन कुमार, नवीन हरियले और विनीता मालवीय सहित समिति के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। आभार प्रदर्शन डॉ. सतीश समी द्वारा किया गया।

**प्रमुख प्रतिभागी कविः** प्रेम प्रसून धौलपुर, हितेंद्र शर्मा करौली, निहाल छीपा गाडरवारा, अभिषेक मेहरा, गौरव बरखने, प्रियंका पटैल, महक केवट सहित अनेक कवियों ने देर शाम तक श्रोताओं को बांधे रखा।

## असलम बने मुस्लिम विकास परिषद के जिला सचिव



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद ने अपनी जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए समाजसेवी असलम भारती को नर्मदापुरम का जिला सचिव नियुक्त किया है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट मोहम्मद माहिर, जिला अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अथर खान एवं जिला उपाध्यक्ष इमाम शाह की अनुशंसा पर की गई है। बता दें कि असलम भारती लंबे समय से सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। उन्हें एक कुशल वक्ता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने वाले व्यक्तित्व के रूप में जाना जाता है। उनकी सक्रियता और समाज उत्थान के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। भारती की इस नियुक्ति पर समाज के गणमान्य नागरिकों और उनके समर्थकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## खबर संक्षेप

### हनुमान जी की प्रतिमा खंडित की, मामला दर्ज

**रहटगांव।** थाना क्षेत्र के बंदीमालोर गांव में हनुमान जी की एक प्रतिमा को खंडित किए जाने का मामला सामने आया है। घटना बीती रात गांव से करीब आधा किलोमीटर दूर एक खेत में बनी मढ़िया में हुई। सूचना मिलने पर रहटगांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। रहटगांव थाना प्रभारी मनोज दुबे ने बताया कि बंदीमालोर गांव के पास खेत में स्थित मढ़िया में प्रतिमा खंडित होने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से पूछताछ शुरू की। बंदीमालोर गांव में सुबह हनुमानजी की एक प्रतिमा खंडित अवस्था में मिली। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि हनुमान प्रतिमा को किसी व्यक्ति ने जानबूझकर खंडित किया है या फिर मंदिर की सफाई अथवा अन्य गतिविधियों के दौरान प्रतिमा को नुकसान पहुंचा है। दोनों ही पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। ग्रामीणों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**हरदा।** जिले के हंडिया थाना क्षेत्र के ग्राम बैडी में रविवार सुबह करीब दस बजे एक 20 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा, जहां पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान हरिप्रसाद पिता नर्मदाप्रसाद मोरी (20) के रूप में हुई है। उसने अपने घर के अंदर फांसी लगाई। घटना के समय हरिप्रसाद के माता-पिता और अन्य परिजन मजदूरी करने गए हुए थे। घर के बाहर उसके बुजुर्ग दादाजी सो रहे थे। घर में किसी के मौजूद न होने पर उसने यह कदम उठाया। फिलहाल आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हरिप्रसाद अपने तीन भाइयों में सबसे बड़ा था और गांव के ही एक टेंट हाउस में मजदूरी करता था। बताया जा रहा है कि रविवार सुबह ही मृतक ने गांव के एक सैलून से सेविंग और कटिंग करवाई थी, जिसके कुछ देर बाद उसने यह कदम उठाया।

### मदिरा के अवैध विक्रय के 9 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** आबकारी विभाग के शनिवार को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने बिच्छापुर, बघवाड़, वार्ड क्रमांक 1 टिमरनी, टेमागांव व पीलियाखाल में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 18 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब, 31 पाव देशी मदिरा प्लेन शराब एवं 480 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया कर आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 9 प्रकरण दर्ज किये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 53925 रूपये है।

### हंडिया थाने में पदस्थ हेड कॉन्स्टेबल चार दिन से लापता

**हरदा।** जिले के हंडिया थाने में पदस्थ हेड कॉन्स्टेबल रत्नेश देवड़ा पिछले चार दिनों से रहस्यमय तरीके से लापता हैं। वे 7 जनवरी को ड्यूटी पर जाने का कहकर घर से निकले थे, लेकिन न तो थाने पहुंचे और न ही घर लौटे। उनकी पत्नी नर्मदा बाई की शिकायत पर हंडिया थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने उनकी तलाश शुरू कर दी है, लेकिन अब तक उनका और उनकी कार का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। हंडिया टीआई आरपी कवरेती ने बताया कि हेड कॉन्स्टेबल रत्नेश देवड़ा 7 जनवरी को सुबह 9 बजे अपनी कार से थाने जाने के लिए पुलिस लाइन स्थित सरकारी आवास से निकले थे। दोपहर करीब 12:30 बजे तक उनसे मोबाइल पर बात हुई थी, लेकिन इसके बाद से उनके दोनों मोबाइल नंबर बंद आने लगे। पत्नी ने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां भी पता किया, लेकिन जब कोई जानकारी नहीं मिली तो उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

## हिंदू सम्मेलन में सम्मेलन में गबाजनिया, गाडरापुर, नयागांव, धौलपुर, गाड़ामोड़ के लोग एकत्रित हुए

# बाजनिया के गांधीचौक से गांव में कलश यात्रा निकाली, यज्ञ कुंड में आहुति डाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



बाजनिया गाँव में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में ग्राम बाजनियां, गाडरापुर, नयागांव,धौलपुर, गाड़ामोड़ सहित 5 ग्राम के लोग एकत्रित हुए। ग्राम बाजनिया के गांधीचौक में सैकड़ो कार्यकर्ता एकत्रित होकर सुबह 10 बजे पूरे गांव में कलश यात्रा निकाली, और यात्रा मधुशाला पहुंची। जहां प्रत्येक कार्यकर्ता ने यज्ञ कुंड में अपने हाथ से आहुति डाली। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर अतिथियों के सत्कार एवं बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आचार्य कृपा शंकर शाश्वत नीमाखेड़ी वालों द्वारा समरसता पर उद्बोधन दिया। वही सविताराजपूत नर्मदापुरम ने कुटुंब प्रबोधन का पाठ पढ़ाया एवं गोविंद सिंह राजपूत जिला कार्यवाह ने हिंदुत्व पर उद्बोधन देते हुए कहा कि हिंदू बचेगा तो देश बचेगा। कार्यक्रम के अंत में समरसता के तहत पांचो गांव के कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर एक साथ भोजन किया। संपूर्ण कार्यक्रम बाजनिया मंडल हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा किया गया।

### हिन्दू सम्मेलन 17 को होगा

रहटगांव। स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में रहटगांव में 17 जनवरी शनिवार को विशाल हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर नगर में सभी हिंदू भाइयों को हिंदू सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण घर घर जाकर पीले चावल देकर निमंत्रण दिया जा रहा है। 17 जनवरी को हो रहे विशाल हिंदू समाज सम्मेलन में रहटगांव नजरपुरा एवं मोहनपुर की समस्त सकल सर्व हिंदू बंधु शामिल होंगे। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी समरसता एकता और संस्कृति चेतना को मजबूत करना है साथ ही पारिवारिक और सामाजिक मूल्यों को प पुनर्स्थापित करना तथा समाज में बढ़ते सामाजिक दूरी पारिवारिक विघटन और भी कई मुद्दों को लेकर हिंदू समाज का सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में साधु संत महात्मा और संघ के वरिष्ठ प्रचारक भी शामिल होंगे।

## रामलीला महोत्सव में सीता हरण की लीला दिखाई गई

# साधु का रूप धरकर कुटिया से रावण ने सीता हरण कर ले गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

क्षेत्र के ग्राम बालागांव में बालेश्वर धाम में शिव शक्ति युवा रामलीला समिति द्वारा सीता हरण का संवाद का मंचन युवाओं द्वारा बखूबी निभाया गया। दूर दराज से आसपास के क्षेत्र के लोगों का रामलीला देखने जन सैलाब उमड़ा। जब श्रीराम लक्ष्मण और सीता सहित चित्रकूट में अपनी कुटिया बनाकर रह रहे थे, तभी एक दिन वहाँ से रावण की बहन सूर्पणखा आकाश की ओर से जा रही थी। उसकी नजर श्रीराम व लक्ष्मण पर पड़ी। वह उन्हें देखकर उन पर मोहित हो गई और सुन्दर स्त्री का रूप धारण कर उनके समक्ष जाकर उनसे विवाह का प्रस्ताव रखने लगी। तब श्रीराम ने मना करते हुये कहा कि मैं तो विवाहित हूँ और आजीवन दूसरा विवाह न कर सकने के लिये प्रतिज्ञाबद्ध हूँ। तुम लक्ष्मण से बात करो। फिर वह लक्ष्मण के समीप जाकर विवाह प्रस्ताव रखने लगी तो उन्होंने भी इनकार कर दिया। इस पर वह गुस्से में सीता पर प्रहार करने लगी। तभी लक्ष्मण ने माता सीता को उससे बचाते हुये उसकी नाक काट दी थी। सूर्पणखा रोते हुये रावण के पास गयी और वहाँ जाकर सब बात बतायी। तब रावण ने गुस्से में 'सीता हरण' की योजना बनाते हुये मारीच राक्षस को वहाँ सुन्दर हिरण के रूप में भेजा। हिरण को देखकर सीता ने राम को उस हिरण को लाने को कहा। सीता को अकेले न छोड़ने का आदेश लक्ष्मण को देकर राम हिरण पकड़ने चले गए। जैसे ही राम का बाण हिरण बने मारीच को लगा, उसने ने राम की आवाज़ में लक्ष्मण और सीता को पुकारा। राम की आवाज़ सुनकर सीता ने लक्ष्मण को राम की मदद के लिए जाने का आदेश दिया। सीता की आज्ञा सुन, लक्ष्मण ने सीता को 'लक्ष्मण रेखा' में सुरक्षित किया और राम की मदद को चल दिए।

### रावण से जटायु ने सीता को बचाने के लिए युद्ध किया

तभी साधु का रूप धरकर रावण भोजन लेने सीता की कुटिया के पास आ पहुँचा और सीता से लक्ष्मण रेखा से बाहर आकर भोजन देने को कहा। जैसे ही सीता भोजन देने लक्ष्मण रेखा से बाहर आईं, रावण ने सीता का अपहरण कर लिया। राम ने लक्ष्मण को देखकर उनसे सीता को अकेले छोड़ आने का कारण पूछा। खतरे को भांपकर दोनों ने कुटिया की ओर दौड़ लगाई। सीता का अपहरण कर ले जा रहे रावण से जटायु ने सीता को बचाने के लिए युद्ध किया। कुटिया में सीता को ना पाकर राम, लक्ष्मण सीता को खोजने हेतु निकल पड़े। पुष्पक विमान से रावण द्वारा अपहरण कर ले जा रही सीता ने वानरों को देखकर अपने गहनों को धरती पर फेंकना शुरू कर दिया और अपना संदेश राम तक पहुँचाने का अनुरोध किया। इस मौके पर विधायक आर.के. दोगने द्वारा मंडल को 11001 रुपए एवं जनपद उपाध्यक्ष गौरी शर्मा द्वारा 5001 रुपए की राशि दी। साथ ही रामलीला मंडल के सदस्य संतोष गौर द्वारा 5001 रुपए की राशि दी गई। वही सचिव उमाशंकर गौर ने जन्मदिन के अवसर पर 1101 रुपए की राशि मंडल को दान दी गई।

## कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया

# योजनाओं के साथ ही खेती के संबंध में दी जाएगी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

रविवार को जिला स्तरीय एवं विकासखंड स्तरीय कृषि रथ को ग्राम पंचायतो के लिये हरी झंडी दिखाकर रवानगी किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, कृषि स्थाई समिति के सभापति ललित पटेल, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) हरदा अशोक कुमार डेहरिया, उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे, उप परियोजना संचालक (आत्मा) अखिलेश पटेल, कृषि वैज्ञानिक डॉ. मुकेश कुमार बंकोलिया, पशुपालन डॉ. एस.एन. बांके तथा कृषि एवं कृषि से संबंद्ध विभाग उद्यानिकी, मत्स्य, कृषि, सहकारिता के अधिकारी एवं कृषक भाई उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया।

उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे ने बताया कि इस दौरान उपस्थत जनप्रतिनिधियों ने कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर हरदा विकासखंड की ग्राम पंचायत रूपीपरेटिया व रन्हाईकलां के लिये रवाना किया गया। उन्होने बताया कि कृषि रथ के माध्यम से किसानों को कृषि एवं संबद्ध विभाग की विभागीय योजनाओं तथा जैविक खेती, प्राकृतिक कृषि, मृदा स्वास्थ कार्ड, एकीकृत पोषक तत्व, फसल विविधिकरण, प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, ई-विकास प्राणाली - पराली/नरवाई प्रबंधन के संबंध में जानकारी दी जा रही है। साथ ही कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक द्वारा समसामायिक सलाह प्रदान की जा रही है। उल्लेखनीय है कि म.प्र. शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा प्रदेश में वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाये जाने के उपलक्ष्य में कृषि रथ संचालन करने के निर्देश दिये गये है। जिले में वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाये जाने एवं कृषि रथ के सफल संचालन में कृषि एवं संबद्ध विभाग तथा किसानों एवं कृषि वैज्ञानिकों के मध्य सीधा संपर्क कर नवीन एवं वैज्ञानिक तकनीकी सुधार की जानकारी किसानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से कृषि रथ का संचालन जिले के तीनों विकासखंडो की ग्राम पंचायतो में किया जाएगा।

# स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आज युवा दिवस मनेगा, सामूहिक सूर्य नमस्कार किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी को जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, हरदा में संपन्न होगा। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षक एवं विद्यार्थी सहभागिता करेंगे। जारी कार्यक्रम अनुसार प्रातः 9 बजे विद्यार्थियों का मैदान में एकत्रीकरण होगा। इसके बाद प्रातः 9:20 बजे अतिथियों व जनप्रतिनिधियों का आगमन, 9:28 बजे मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानन्द जी प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा अतिथियों का स्वागत होगा। प्रातः 9:30 बजे से 10:15 बजे तक आकाशवाणी से सीधा प्रसारण होगा तथा अंत में प्रातः 10:30 बजे आभार एवं समापन होगा। जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी ने सभी विभाग प्रमुखों, विद्यालय प्रमुखों एवं संबंधित अधिकारियों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

### पांच दिवसीय हरी कथा आज से

**रहटगांव।** नगर में पाँच दिवसीय हरी कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। सोमवार 12 जनवरी दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक स्थान राधा मैरिज गार्डन रहटगांव आयोजन किया जाएगा। 12जनवरी को कथा से पूर्व, प्रातः 9 बजे नगर मे भजन संकीर्तन करते हुये भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। आयोजकों ने कहा कि जिस गली से कलश यात्रा निकलेगी सभी अपने घर के पास सफाई रखें, गोबर से, लिपें घी का दीपक जला कर दरवाजे पे रखें, पुष्प के द्वारा कलश यात्रा का स्वागत करें।

# विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताः विज्ञान, गणित, पर्यावरण पर बनाए मॉडल, छात्र-छात्राओं ने दिखाए अपने हुनर

**सीहोर।** शासकीय सुभाष हायर सेकेण्डरी स्कूल में विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें विज्ञान ,गणित, पर्यावरण एवम सामाजिक विज्ञान विषय पर बनाए मॉडल का प्रदर्शन किया गया। कक्षा 6 से 8 के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रदर्शनी में शिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रोजेक्ट मॉडल बनाए गए । साथ ही अन्य विधाओं में लघु नाटक प्रतियोगिता में पर्यावरण संरक्षण, सम्राट अशोक के त्याग विषयों पर आधारित नाटकों का मंचन भी किया गया। एकल गायन की प्रस्तुति भी दी गई । जबकि



प्लास्टिक प्रदूषण विषय पर सेमिनार में बच्चों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परियोजना समन्वयक आरआर उइके प्राचार्य आशीष शर्मा, बीआरसीसी अशोक वर्मा ने किया गया।

## निर्माण एजेंसी के ढुलमुल रवैए के चलते ग्रामीणों को हो रही परेशानी

# चंदेरी-बिलकिसगंज सड़क निर्माण से क्षेत्र में हो रहा वायु प्रदूषण, धूल के गुबार बना रहे बीमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सड़क निर्माण से वायु प्रदूषण और बीमारी की शिकायत ग्रामीणों ने भोपाल जाकर मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री पीडब्ल्यूडी मंत्री मुख्य सचिव मानव अधिकार आयोग प्रदूषण बोर्ड से की।

सीहोर-चंदेरी बिलकिसगंज सड़क निर्माण से हो रहा है धूल एवं प्रदूषण से ग्रामीण जनता बीमार हो रही है, सड़क निर्माण में पुराने डामर को उखाड़ कर नया डामरीकरण में मिक्स कर घटिया निर्माण करने की शिकायत भी की गई है। चंदेरी बिलकिसगंज क्षेत्र में चल रहे सीहोर बिलकिसगंज सड़क निर्माण कार्य के कारण वायु प्रदूषण गंभीर समस्या बन गई है। खुदाई मलबे में भारी वाहनों की आवा जावी से उडने वाली धूल से पूरे इलाके में प्रदूषण कर दिया है, जिससे लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है ।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार दिनभर उड़ती धूल से कारों एवं दुकानों पर धूल की मोटी परत जम जाती है। धूल के कारण खासकर बच्चे बुजुर्गों को दमा व सांस संबंधित रोगों से पीड़ित लोग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। कई लोगों को खांसी ,आंखों में जलन, सांस फूलने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कई ग्रामीण जन बीमार हो गए हैं। विगत कई महीनों से यह समस्या ग्रामीण जन झेल रहे हैं। कई दिनों से रोड खुदा पड़ा है, परंतु पिछले कई दिनों से निर्माणधीन रोड पर पानी नहीं डाला गया है ना ही निर्माण स्थल पर धूल नियंत्रण का आवश्यक उपाय किया जा रहे हैं। पानी का छिडकाव प्रतिदिन नियमित रूप से नहीं हो रहा है। पर्यावरण विशेषज्ञ ने चेतावनी दी है कि लंबे समय तक इस तरह से प्रदूषण के संपर्क में रहने से स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। स्थानीय नागरिकों द्वारा निर्माण एजेंसी संबंधित विभाग से मांग की गई की सड़क निर्माण कार्य पर्यावरण नियमों का शक्ति से पालन कराया जाए। परेशान व आक्रोशित लोगों ने विभाग के चीफ इंजीनियर से शिकायत की है कि सीहोर जिले के पीडब्ल्यूडी विभाग, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री की मनमानी के कारण जनता परेशान है उनका फोन तक नहीं उठाते।

प्रदूषण बोर्ड के अधिकारियों ने आश्वस्त किया है कि कि तत्काल दोशियों पर कार्यवाही की जावेगी। उपमुख्यमंत्री डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने भी कार्यवाही करने का ग्रामीण जनों को आश्वासन दिया है एवं मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष आयुक्त प्रताप सिंह द्वारा भी कार्यवाही करने का आश्वासन ग्रामीण जनता को दिया है। साथी ही पीडब्ल्यूडी कार्यपालन यंत्री अहिरवार के खिलाफ शीघ्र कार्यवाही कर सम्बंधित दोषी अधिकारियों पर कार्रवाही करने के आश्वासन ग्रामीण जनता को दिया है। इस मौके पर किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा, ग्राम बिलकिसगंज से प्रीतम मेवाड़ा, प्रदीप मेवाड़ा, बने सिंह मेवाड़ा सहित ग्रामीण जन एवं किसान मौजूद रहे।

# हिंदू सम्मेलन की तैयारी जोरों पर, घर-घर बांटे पीले चावल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सकल हिंदू समाज के तत्वाधान में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन 12 जनवरी को नगर के दशहरा मैदान पर आयोजित किया जा रहा है जिसके लिए हिंदू समाज के कार्यकर्ता घर-घर जाकर सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने के लिए पीले चावल भारत माता का कैलेंडर एवं कार्यक्रम का आमंत्रण भेंट कर रहे हैं।

नगर के आम नागरिकों द्वारा कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन करते हुए धन सहयोग एवं कार्यक्रम में उपस्थित होने का आश्वासन दिया जा रहा है कार्यकर्ता घंटा शंख बजाकर पिछले एक सप्ताह से निरंतर जागरण कर रहे हैं तथा प्रचार वाहन द्वारा भी प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

11 जनवरी को अवधूत दादा गुरु महाराज जो निरंतर 5 वर्षों से नर्मदा जल का सेवन कर नर्मदा बचाओ पर्यावरण बचाओ आंदोलन के तहत पांचवीं बार परिक्रमा अपने हजारों श्रद्धालुओं के साथ दशहरा मैदान पर आ रहे हैं जिनके स्वागत के लिए नगर की जनता पूरे उत्साह के साथ तैयारी में जुटी हुई है आयोजकों द्वारा नगर एवं क्षेत्र की जनता से इस आयोजन में सपरिवार उपस्थित रहकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की जा रही है।